BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर



दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 15 दिसंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी
भी समस्या या सुझाव के लिए
मो. 86888 68345 पर
संपर्क करें ।

# 5के रन फॉर गौ माता मैराथन आज

**हैदराबाद, 14 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** देश भर के संतों, शंकराचार्यों, गौभक्तों, गौरक्षा संगठनों द्वारा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने जन जागरण अभियान को आगे बढ़ाते हुए हैदराबाद के संजीव्यया पार्क नेकलस रोड से आज दि. 15 दिसंबर को प्रातः 6.00 बजे से 5के रन फॉर गौ माता मैराथन का भव्य आयोजन किया जा रहा है । श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट और सर्वदलीय गौरक्षा मंच, देवभूमि उत्तराखंड सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हो रहे उक्त गौरक्षा जन जागरण अभियान मैराथन को मुख्य अतिथि भाजपा के मलकाजगिरी सांसद इटेला राजेंद्र, वरिष्ठ भाजपा नेता रामचंद्र, भाजपा और संघ के वरिष्ठ नेता मुरलीधर राव द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरुवात की जाएगी।

आयोजकों की ओर से चेयरमैन जयपाल नयाल सनातनी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट और विप-पे सुबह पांच बजे से कार्यक्रम स्थल संजीव्यया पार्क के सामने लगे 5के रन स्टाल से दिए जाएंगे । 5.30 को सूक्ष्म व्यायाम और मुख्य अतिथि द्वारा संबोधन के बाद ठीक 6.05 मिनट पर मैराथॉन प्रारंभ होगी । इसमें 4 ग्रुप बनाए गए है ।

प्रथम- 3 महिलाओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा और ऐसे ही प्रातः 3 पुरुषों को सम्मानित किया जाएगा और 15 साल से नीचे के प्रथम 3 बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सबसे अधिक उम्र के स्त्री पुरुष और सबसे कम उम्र के प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा । सभी प्रतिभागियों को मेडल, भागीदारी प्रमाण पत्र दिए जाएंगे और जलपान की व्यवस्था रहेगी । यह 5 के रन फॉर वाक्, लघु मैराथन सिर्फ गौ वंश का प्रचार - प्रसार और गौ भक्तों को गौ वंश की महत्व को बताते हुए जागरूक करने तथा प्रत्येक सनातनी को गौमाता को राष्ट्र माता मुहिम से जोड़ते हुए गौशा-लाओं तक ले जाने की मुहिम का एक हिस्सा मात्र है ।

# सेंट्रल पीस एंड वेलफेयर कमेटी के पदाधीकारियों ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



**हैदराबाद, 14 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सेंट्रल पीस एंड वेलफेयर कमेटी के जनरल सेक्रेटरी श्रीकिशन शर्मा, सेंट्रल जोन अध्यक्ष शशिकांत अग्रवाल, साउथ वेस्ट जोन अध्यक्ष मो. मोज़मअली, वेस्ट जोन अध्यक्ष तेजो विजय कुमारी, ईस्ट जोन अध्यक्ष नारायण रेड्डी, साउथ जोन अध्यक्ष श्वाजा मोईज, नॉर्थ जोन अध्यक्ष आर. उमेंद्र कुमार ने राज्यपाल जिष्णुदेव वर्मा से शिष्टाचार भेंट कर पीस कमेटी द्वारा की जा रही जनहित सेवाओं की जानकारी दी।प्रेस को जारी विज्ञप्ति में शशिकांत अग्रवाल ने राज्यपाल को बताया कि पीस कमेटी पिछले पैंतीस वर्षों से हैदराबाद में शांति व्यस्था के लिए पुलिस के साथ कंधा से कंधा मिलाकर अपनी सेवा दे रही है। पीस कमेटी के 700 से अधिक सदस्य है। जिसमें हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी जाति धर्मों के सदस्य है। जिनमें हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के वकील, वैज्ञानिक, डॉक्टर, व्यापारी, उद्योगपति, सर्विस क्लास एवं छोटे से छोटा व्यवसाय करने वाले सदस्य भी है। श्री अग्रवाल ने राज्यपाल को अवगत कराया कि शहर के हर कोने से कमेटी ने सदस्य बनाए हैं। कमेटी द्वारा गणेश उत्सव, रामनवमी, हनुमान जयंती, मिलादुन नबी जैसे सभी त्योहारों में रास्ते पर शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का भरपूर सहयोग करते हैं। शहर में कहीं भी और कोई भी छोटी से छोटी घटना पर कमेटी के सदस्य घटना स्थल पहुंच कर शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करते हैं। पीस कमेटी द्वारा सर्दियों में गरीबों को ब्लैंकेट, स्कूल के छात्रों में पाठ्य सामग्री आदि प्रदान कर वेलफेयर का कार्य भी करती आ रही है।

राज्यपाल जिष्णुदेव वर्मा ने पीस कमेटी द्वारा दी जा रही सेवाओं की भूरि-भेरि प्रंशसा कर कमेटी के सदस्यों का मनोबल बढाया।






महेन्द्रा हिल्स स्थित श्री पहाडी श्याम मन्दिर में श्री राज मित्र मण्डल द्वारा आयोजित मश्री श्याम महोत्सव संकीर्तनफमें भजन प्रस्तुत करते हुए साकेत बैरोलिया, मुम्बई, वैष्णवी लाहोटी, वरंगल एवं पंकज ओझा, हैदराबाद। अवसर पर भजन गायकों एवं श्री राज मित्र मण्डल के सदस्यों का सम्मान करते हुए श्री पहाडी श्याम मन्दिर के ट्रस्टी ब्रिजेश मोदी, राकेश अग्रवाल साथ में प्रदीप अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, अमन सारडा एवं भक्तगण ।



पाली मारवाड़ से भारद्वाज गोत्र के कर्मठ कार्यकर्ता द्वारका प्रसाद पांडिया के नगरआगमन पर ज्यैष्ठानी माता उत्सव समिति द्वारा भव्य स्वागत करते हुए रामदेव नागला, नरेश पांडिया, चेतन तिवारी, श्रीनिवास नागला व अन्य।



आगामी दि.5 जनवरी, 2025 को हरियाणा भवन पैराडाइज में आयोजित होने वाले मां बनभौरी वाली जी के अमृतमहोत्सव में भाग लेने हेतु समाजसेवी बजरंग लाल शर्मा को आमंत्रित करते हुए संस्था के सुशील मित्तल ओर रमेश मित्तल।



दिल्ली स्थित संसद भवन में बीजेपी राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा संसद सुधांशु त्रिवेदी एवं संसद डी. के. अरूणा से ओ.बी.सी. एम्पलायिस फेडरेशन की समस्याओ की जानकारी देती हुई बीजेपी गोलकोण्डा जिला एवं आल इंडिया ओबीसी एम्पलायिस फेडरेशन की कार्यकारीणी सदस्या संगीता बच्चीपल्ली। साथ में हैं भाग्यलक्ष्मी, स्वरूपा, लक्ष्मी, ललीता, सुजाता एवं अन्य।



एक दिवस गौमाता के नाम भजन संध्या श्री ओमजी मुंडेल की सुमधुर आवाज़ में नंदीगांव, संगारेड्डी में आगामी दि. 21 दिसम्बर को होने जा रहा है। इस अवसर पर अतिथि के रूप में आप और हम के अध्यक्ष धर्मीचन्द कुमावत को आमंत्रित करते हुए भंवरलाल अलोदिया, श्यामलाल बाकरेचा, महेन्द्र बाकरेचा, राजेश तापडिया, जगदीश पटेल, जी. रवीन्द्र, कैलाश बाकरेचा एवं अन्य।



जामबाग डिविजन के रिसाला अब्दुल्ला स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर बॉयज हॉस्टेल में नए मेनू चार्ट ..कॉमन डाइट मील ..का विमोचन करते हुए गोशामहल विधायक टी. राजा सिंह, जामबाग डिविजन पार्षद राकेश जायसवाल। इस अवसर पर गोपाल स्वामी, साईबाबा, मो. उस्मान, कृष्णा, मयूर, रामकृष्णा, खत्री, अनिल, अमरेंद्र एवं अन्य उपस्थित थे।



दि विशाखापट्टनम् को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लि. के 30 वर्षों तक चेयरमैन के रूप में सेवाएँ प्रदान करने तथा सहकारिता क्षेत्र में विशिष्ट सेवाएँ प्रदान करने पर कुकटपल्ली में मानम आंजनेयुलु के अभिनन्दन समारोह में सम्मान करते हुए महेश बैंक के चेयरमैन रमेश कुमार बंग, अग्रसेन बैंक के चेयरमैन प्रमोद कुमार केडिया, राजधानी बैंक के चेयरमैन वी. नरसिम्हा रेड्डी, सेवानिवृत्त आईएएस डी. श्रीनिवासुलु । अवसर पर उपस्थित विशाखापट्टनम् बैंक के अंशधारकगण एवं अतिथिगण। अवसर पर महेश बैंक के चेयरमैन रमेश कुमार बंग का स्वागत करते हुए विशाखापट्टनम् बैंक के चेयरमैन सी. राघवेन्द्र राव ।



पारम्परिक एवं समकालीन नागा संस्कृति के प्रदर्शन हेतु कोहिमा, नागालैण्ड के आयोजित वार्षिक उत्सव महॉर्नबिल फेस्टिवल 2024फमें नागालैण्ड के उच्च शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री तेमजिन इम्ना अलौंग के साथ भाग लेते हुए उद्योगपति अरूण डाकोतिया, सिने कलाकार जाहीद खान एवं अन्य ।

# भाजपा अगले महीने बंडी को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में वापस ला सकती!

**हैदराबाद, 14 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार को फिर से भाजपा की राज्य इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की संभावना है। जनता के बीच उनकी अपार लोकप्रियता, कार्यकर्ताओं से जुड़ाव और पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को भाजपा की मूल विचारधारा के प्रति प्रेरित करने की उनकी क्षमता, जो प्रजा संग्राम यात्रा और जीएचएमसी चुनावों के दौरान उनके पिछले कार्यकाल में देखी गई थी, पार्टी के लिए बहुत बड़ी सकारात्मक बात रही।

लगभग 18 महीने पहले उन्हें राज्य अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद, पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व अगले महीने उनकी नियुक्ति की घोषणा कर सकता है। दरअसल, पिछले साल अगस्त में मतदाताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं को जानने के लिए तेलंगाना के छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश से पार्टी के 119 निर्वाचित प्रतिनिधियों ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 14 दिनों के प्रवास के दौरान जनता के साथ उनके जुड़ाव को सराहा था। इसके बाद संजय को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और बाद में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया।

28 अगस्त 2021 से 15 दिसंबर 2022 के बीच पांच चरणों में की गई 150 दिन लंबी 1,600 किलोमीटर की यात्रा ने उन्हें भाजपा के ताकतवर नेताओं में से एक बना दिया है। नाम न बताने की



शर्त पर कृषि विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद राज्य में भाजपा का ग्राफ सुधरा है।

जमीनी कार्यकर्ता के तौर पर वह ज्वलंत मुद्दों से खुद को जोड़कर ताकत जुटाने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने केंद्रीय मंत्री रहते हुए अशोकनगर में धरने में हिस्सा लिया था और बेरोज-गार युवाओं के समर्थन में सचिवालय तक रैली का नेतृत्व किया था। बीसी समुदाय से आने के अलावा संजय उत्तरी तेलंगाना से भी आते हैं। पार्टी बीसी समुदाय के उम्मीदवार को राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर पेश कर रही है। संजय आरएसएस के रुख से भी मेल खाते हैं, जो राज्य इकाइयों का प्रमुख बनाने के लिए मूल विचारधारा की शपथ लेने वाले व्यक्तियों को नियुक्त करने पर जोर दे रहा है।






शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे हिंदी दैनिक समाचार पत्र

# कांग्रेस सरकार तेलंगाना में शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने का प्रयास कर रही है : रेवंत



**रंगारेड्डी जिला, 14 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रंगारेड्डी जिले के मोइनाबाद मंडल के चिलकुरु में मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार छात्रों के कौशल को उन्नत करने और उन्हें तेलंगाना के पुनर्निर्माण में भागीदार बनाने का प्रयास कर रही है। सरकारी आवासीय विद्यालयों में प्रतिभाशाली छात्रों को तैयार करने का विश्वास जगाने के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि एक मजबूत गलत धारणा है कि निजी संस्थानों के छात्र सरकारी स्कूलों की तुलना में अधिक प्रतिभाशाली होते हैं।

चिल्कूर में समाज कल्याण आवासीय विद्यालय का दौरा करने के बाद समान आहार कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता की सरकार ऐसी गलत धारणाओं को दूर करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने तत्कालीन आंध्र प्रदेश में पहली बार आवासीय विद्यालय की अवधारणा शुरू की थी।

आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कई छात्र आईएएस और आईपीएस अधिकारी के रूप में चुने गए हैं। टीजीपीएससी के अध्यक्ष बी. वेंकटेशम और पूर्व टीजीपीएससी के अध्यक्ष एम. महेंद्र रेड्डी ने भी आवासीय विद्यालयों में अध्ययन किया और आईएएस और आईपीएस अधिकारी के रूप में चुने गए। आवासीय विद्यालयों में अनेक प्रसिद्ध व्यक्तियों ने अध्ययन किया तथा अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों में पूर्ण आत्मविश्वास भरने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन तथा शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। पिछली बीआरएस सरकार ने सरकारी विद्यालयों में आहार, सौंदर्य प्रसाधन तथा बुनियादी ढांचे को पर्याप्त प्राथमिकता नहीं दी।

जनता की सरकार ने आहार तथा सौंदर्य प्रसाधन शुल्क में एकमुश्त वृद्धि कर दी। बढ़ी हुई कीमतों तथा विद्यार्थियों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए आहार शुल्क में 40 प्रतिशत तथा सौंदर्य प्रसाधन शुल्क में 200 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। देश के इतिहास में पहली बार शुल्क में इतनी बड़ी वृद्धि केवल तेलंगाना में हुई है। तेलंगाना के 26,000 सरकारी विद्यालयों में 23 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जबकि 11,000 निजी विद्यालयों में 33 लाख विद्यार्थी नामांकित हैं। क्या निजी विद्यालयों में पढ़ाने वाले अध्यापक सरकारी अध्यापकों से अधिक योग्य हैं? हम बहुमुखी प्रतिभा वाले विद्यार्थी क्यों नहीं तैयार कर पा रहे हैं? हमें इस बारे में क्यों नहीं सोचना चाहिए? क्या यह हमारी जिम्मेदारी नहीं है? कल्याण और विकास मेरे लिए दो आंखों की तरह हैं। शिक्षा पर खर्च करना खर्च नहीं बल्कि उनके भविष्य के लिए निवेश है, उन्होंने समझाया।

रेवंत रेड्डी ने कहा कि हमने 70 सालों में क्या सीखा है? हम अगले शैक्षणिक वर्ष के लिए पहले से योजना क्यों नहीं बना रहे हैं? हमें आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और एक स्थायी समाधान खोजना चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है और हम इससे बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि हाल ही में फूड पॉइजनिंग के कारण एक लड़की की मौत हो गई। शोकाकुल माता-पिता को बहुत परेशानी हुई होगी। अमीर और गरीब अपने बच्चों के प्रति समान रूप से स्नेह दिखाते हैं। माता-पिता हम पर विश्वास करते हैं और अपने बच्चों को छात्रावास भेजते हैं। हमें जिम्मेदार होना चाहिए। ऐसी घटनाओं से हमारा सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी या नहीं..? सावधानी बरतने और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की जरूरत है।हर महीने की 10 तारीख तक ग्रीन चैनल के माध्यम से धन उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देश देते हुए रेवंत रेड्डी ने स्कूल यूनिफॉर्म की सिलाई का काम महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपा और स्कूल यूनिफॉर्म सिलाई का शुल्क 25 से बढ़ाकर 75 रुपये कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी सरकारी स्कूलों को मुफ्त बिजली उपलब्ध करा रही है और उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को सप्ताह में दो से तीन दिन आवासीय स्कूलों का दौरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया, कौशल की कमी के कारण बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है। राज्य सरकार ने टाटा कंपनी के सहयोग से 75 आईटीआई को उन्नत प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में अपग्रेड किया है। यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी के माध्यम से बेरोजगारों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने का काम चल रहा है। यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी देश के लिए एक आदर्श है। राज्य सरकार 2028 ओलंपिक में पदक जीतने के उद्देश्य से यंग इंडिया स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और एक खेल अकादमी स्थापित करने के लिए तैयार है। विश्व मुक्केबाजी चैंपियन निकहत ज़रीन और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर मो. सिराज को खेलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकारी नौकरी दी गई है। छात्रों से खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने और कौशल को निखारने की अपील करते हुए रेवंत रेड्डी ने कहा कि शिक्षकों को छात्रों को अन्य प्रतिभाओं में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए और राज्य सरकार आवश्यक प्रशिक्षण के लिए सुविधाएं प्रदान करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि सरकार कॉरपोरेट संस्थानों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में यंग इंडिया इंटीग्रेटेड रेजीडेंशियल स्कूल स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बुनियादी सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी ली है। शिक्षा पर पैसा खर्च करना भविष्य की पीढ़ियों के लिए निवेश के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, मैं राज्य में अपने हर आधिकारिक दौरे के दौरान आवासीय विद्यालयों का दौरा करूंगा। अपने कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से छात्रों को उनके दैनिक भोजन की निगरानी करने और उनके लिए भोजन की व्यवस्था करने का अधिकार देने को कहा।

# माँ दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के लिए कैम्प आयोजित




**हैदराबाद, 14 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माँ दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए कार्ड बनाने हेतु कैम्प आयोजित किया गया ।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में ट्रस्ट के प्रचार व प्रसार संयोजक मुकुंदलाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कैम्प के प्रायोजक श्रीमती पिस्ता बाई शकुंतला बाई चैरिटेबल ट्रस्ट थे । कैम्प मध्याह्न 1.00 बजे से प्रारंभ होकर करीब 5 बजे तक वैदिक वाचनालय, घाँसी बाज़ार में आयोजित किया गया । करीब 50 व्यक्तियों के आधार कार्ड पर तेलंगाना लिखा हुआ था वो कार्ड पंजीकृत हो गए इसके अतिरिक्त करीब 50 व्यक्तियों के आधार कार्ड पर आंध्र प्रदेश लिखा हुआ था जिसे तेलंगाना करने हेतु रजिस्टर किया गया उनके कार्ड बाद में पंजीकृत किए जाएँगे । कैम्प में सी.एस.सी. के सचिन सूर्यवंशी एवं उनके ऑपरेटर के सहयोग से कार्ड का पंजीकरण किया गया । स्थानीय निवासियों के अतिरिक्त दूर दूर से भी व्यक्तियों द्वारा कार्ड बनवाये गए । कैम्प में अल्पाहार, चाय, कॉफ़ी, शुद्ध पेय जल की व्यवस्था की गई। सभी के कार्ड निःशुल्क बनवाये गए ।

कैम्प के पश्चात् ट्रस्ट की ओर से बैठक की गई। जिसमें अगामी दि.28 दिसंबर को ई.एन.टी. हॉस्पिटल, कोठी में मासिक अन्नदान का कार्यक्रम एवं जनवरी माह में रक्तदान शिविर करने का निर्णय लिया गया । कार्यक्रम में ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी विनय किशोर तायल, एडवोकेट हेमा मालिनी तायल, कार्यक्रम के संयोजक मुकुंदलाल अग्रवाल के अतिरिक्त गोवर्धन लाल अग्रवाल, श्रीमती कांता अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, नमिता अग्रवाल, नम्रता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, संतोष गोयल, मधु गोयल, दीपा अग्रवाल, रेखा तुलसियान, आदि उपस्थित थे ।

# शिक्षा के माध्यम से छात्र ऊंचाइयों को छू सकते हैं : दत्तात्रेय



**यादगिरिगुट्टा, 14 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थी ऊंचाइयों को छू सकते हैं और सीखकर कुछ भी हासिल किया जा सकता है। उन्होंने यादगिरिगुट्टा मंडल के कचराम गांव में जिला परिषद हाई स्कूल में विद्यार्थियों के साथ बैठक में भाग लिया और उन्हें संबोधित किया।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी बने रहने की सलाह दी और कहा कि साहस और दृढ़ संकल्प से ही लक्ष्य की पूर्ति हो सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी उन्मूलन और राष्ट्रीय विकास शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ अच्छे मूल्यों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बुरी आदतों से बचने और सद्गुणों का मार्ग चुनने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा, प्रत्येक व्यक्ति को अपने पास मौजूद संसाधनों से दूसरों की मदद करने की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं अपनी शिक्षा के कारण ही राज्यपाल बन सका। कम उम्र में ही अपने पिता को खो देने के बावजूद मेरी मां ने प्याज बेचकर मेरा साथ दिया और मेरी शिक्षा का खर्च उठाया। मैंने सिंडिकेट बैंक में नौकरी से अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उनकी शिक्षा और सामाजिक जागरूकता ने उन्हें मंत्री और फिर राज्यपाल बनाया। उन्होंने छात्रों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए अवसरों और संसाधनों का अच्छा उपयोग करने और अच्छी तरह से अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया। जब छात्रों ने अपने स्कूल के लिए एक विज्ञान प्रयोगशाला का अनुरोध किया, तो उन्होंने बीडी फाउंडेशन के माध्यम से इसे और कंप्यूटर उपलब्ध कराने का वादा किया।

बाद में, वड्डे महादेव फाउंडेशन के सहयोग से छात्रों को अंग्रेजी सीखने के लिए अध्ययन सामग्री वितरित की गई।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेया ने यादगिरिगुट्टा लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी के दर्शन किए और विशेष पूजा में भाग लिया। अवसर पर मंदिर के पुजारियों ने मंदिर में उनका पारंपरिक स्वागत किया और वैदिक आशीर्वाद दिया। बंडारू को मंदिर के भगवान का स्मृति चिह्न और लड्डू प्रसाद भेंट किया गया। उनके साथ जिला कलेक्टर हनुमंत राव, डीसीपी, अधिकारी, भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# टीजीपीएससी ग्रुप-2 परीक्षा आज से

**हैदराबाद, 14 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** टीजीपीएससी ने राज्य में 783 पदों को भरने के लिए 15 और 16 दिसंबर को ग्रुप-2 की परीक्षा आयोजित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। परीक्षा के लिए कुल 1,368 केंद्र बनाए गए हैं। टीजीपीएससी ने इन पदों को भरने के लिए 29 दिसंबर, 2022 को अधिसूचना जारी की थी जियमें 5,51,943 लोगों ने आ-वेदन किया है। हालांकि परीक्षा आयोजित करने के लिए पहले भी कई बार व्यवस्था की गई थी, लेकिन विभिन्न तकनीकी कारणों से उन्हें स्थगित कर दिया गया था।परीक्षा में चार पेपर होते हैं, प्रत्येक पेपर 150 अंकों का होता है। परीक्षाएं 15 और 16 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5.30 बजे तक होंगी। टीजीपीएससी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले गेट बंद कर दिए जाएंगे। कहा गया है कि हॉल टिकट के साथ सरकार द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र भी साथ लाना चाहिए। यह भी कहा गया है कि सभी अभ्यर्थियों को बायोमेट्रिक्स प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा ओएमआर दस्तावेजों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।



राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत शनिवार को पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरूरतमंद लोगों में अल्पाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर सतीश गुप्ता, आशा अग्रवाल, रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, लेहेक अग्रवाल जगत नारायण अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, महेश अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल रोहित अग्रवाल, मनीष फिटकारीवाला, अशोक गुप्ता, भगतराम गोयल, दिनेश गोयल, मायारामजी अग्रवाल, कैलाश चंद केडिया, निर्मला केडिया, राजेश योगा सरजी, प्रमोद अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, ई. जगन (चंपापेट) एवं राधे राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# एससीआर सबरीमाला विशेष ट्रेन चलाएगा

**हैदराबाद, 14 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण मध्य रेलवे (एस-सीआर) सबरीमाला विशेष ट्रेनें चला रहा है, जो रास्ते में कई महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों को कवर करेगी। ये ट्रेनें तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों से सबरीमाला मंदिर जाने वाले अयप्पा भक्तों के लाभ के लिए बनाई गई हैं। एससीआर ने शनिवार को यहां एक विज्ञप्ति में कहा कि इन विशेष ट्रेनों से यात्रा करने वाले भक्त केरल के महत्वपूर्ण मंदिरों के तीर्थ स्थलों की यात्रा की योजना आसानी से बना सकते हैं।सर्किट में शामिल मंदिरों में पंडालम, कुलथुपुझा, आर्यंकावु, अचनकोविल और एरुमेली के सस्था मंदिर हैं।रास्ते में पड़ने वाले अन्य प्रसिद्ध मंदिरों में वेल्लोर में स्वर्ण मंदिर; तिरुवन्नामलाई में अन्नामलाईयार मंदिर; श्रीरंगम में रंगनाथ स्वामी मंदिर; समयपुरम (तिरुचिरापल्ली) में मरियम्मन मंदिर; मदुरै में मीनाक्षी अम्मन मंदिर; अरुल्मिगु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर, थिरुपरनकुंड्रम (मदुरै); पलानी (डिंडीगुल) में अरुलमिगु धनदायु था।

# दमरे को छह राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2024 मिले



**हैदराबाद, 14 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने आज यानी 14 दिसंबर, 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार - 2024 समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की। माननीय उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार और राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर, दक्षिण मध्य रेलवे को वर्ष 2024 के लिए छह राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्रदान किए गए।

ये पुरस्कार भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा आयोजित एक समारोह में प्रदान किए गए। श्री श्रीपद वाई. नाइक, माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, भारत सरकार ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार वर्ष 2024 के दौरान सर्वोत्तम ऊर्जा प्रबंधन प्रथाओं के लिए घोषित किए गए हैं।

**क्षेत्र द्वारा प्राप्त राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार हैं :-**

1. **अस्पताल क्षेत्र में गुंतकल मंडल रेलवे अस्पताल को प्रथम पुरस्कार**
2. **रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रेनीगुंटा रेलवे स्टेशन को प्रथम पुरस्कार**
3. **रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जम्मीकुंटा रेलवे स्टेशन को द्वितीय पुरस्कार**
4. **अस्पताल क्षेत्र में सेंट्रल अस्पताल, लालागुडा को योग्यता प्रमाण पत्र**
5. **रेलवे स्टेशन क्षेत्र में हैदराबाद रेलवे स्टेशन को योग्यता प्रमाण पत्र**
6. **रेलवे स्टेशन क्षेत्र में निजामाबाद रेलवे स्टेशन को योग्यता प्रमाण पत्र**

बृज मोहन मीना, प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, एससीआर के साथ विष्णु कांत, चीफ इलेक्ट्रिकल जनरल इंजीनियर, एससीआर और श्री एम. विजय कुमार, मंडल रेल प्रबंधक, गुंतकल डिवीजन ने गुंतकल मंडल रेलवे अस्पताल और रेनीगुंटा रेलवे स्टेशन के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी-अपनी ऊर्जा कुशल इकाइयों के लिए पुरस्कार प्राप्त किए।दक्षिण मध्य रेलवे को कई वर्षों से लगातार राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पर ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार मिल रहे हैं। कई प्रशासनिक इकाइयों को कई वर्षों से लगातार ऊर्जा दक्षता ब्यूरो से राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए चुना गया है।जोन ने सभी विभागों के सभी डिवीजनों, कार्यशालाओं, फील्ड इकाइयों द्वारा ऊर्जा दक्षता और हरित पहल के क्षेत्र में अथक प्रयासों के माध्यम से इन पुरस्कारों को प्राप्त करने में सफलता पाई है, यहां तक कि विभिन्न मंत्रालयों, सार्वजनिक उपक्रमों और कॉर्पोरेट क्षेत्रों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद भी। जोन लगातार विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों को लागू कर रहा है जैसे ऊर्जा कुशल एलईडी लाइटिंग, ऊर्जा कुशल इन्वर्टर टाइप स्टार रेटेड और सटीक एसी इकाइयां, एचवीएसी नियंत्रण और तापमान निगरानी, निष्क्रिय घंटों के दौरान एसी इकाइयों को बंद करना, ऊर्जा बचतकर्ता और अधिभोग सेंसर, पानी गर्म करने और बिजली उत्पादन के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग, वाटर कूलर/रोलिंग परीक्षा लाइट के लिए टाइमर, लिफ्टों का अनुकूलन, निष्क्रिय समय के दौरान 70% पंखे बंद करने के लिए प्लेटफार्मों पर पंखे सर्किट का द्विभाजन, ऊर्जा कुशल पंपों का उपयोग, स्टार लेबल वाले विद्युत उपकरणों का उपयोग उन्होंने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार विजेताओं को भी बधाई दी और कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर 6 प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतना एस-सीआर के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने इस अवसर पर प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, एससीआर, डिवीजनल रेलवे मैनेजर, गुंटकल, हैदराबाद, सिकंदराबाद और अन्य संबंधित रेलवे अधिकारियों को बधाई दी।

DAILY शुभ लाभ खबरें जो सोच बदल दे
हिंदी दैनिक समाचार पत्र
में
दुःखद समाचार जैसे
स्वर्गवास, उठावना,
पगड़ी रस्म, श्रद्धांजलि,
पुण्यतिथि का विज्ञापन
अब मात्र रू.500/- में
साईज : 12 X10 cm
विज्ञापन एवं अधिक जानकारी के लिए
सम्पर्क करें
77991 44471, 8688868345

महाराष्ट्र में फडणवीस मंत्रिमंडल का विस्तार आज

# नागपुर में होगा मंत्री पद का शपथ ग्रहण

**नागपुर, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।**

महाराष्ट्र में फडणवीस सरकार की कैबिनेट का विस्तार 15 दिसंबर को होगा। मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह नागपुर में होगा। इसमें 30-32 मंत्री शपथ ले सकते हैं। महाराष्ट्र कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत ज्यादा से ज्यादा 43 सदस्य हो सकते हैं।

भाजपा को 20-21 मंत्री पद मिलने की संभावना है। जबकि शिवसेना को 11-12 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 9-10 मंत्री पद मिल सकते हैं। संभावित मंत्रियों को शपथ के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस खुद फोन करेंगे। महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कैबिनेट फाइनल करने के लिए डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजित पवार से अलग-अलग चर्चा की। एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने अपने मंत्रियों की लिस्ट मुख्यमंत्री फडणवीस को दे दी है। मंत्रिमंडल में संभावित मंत्रियों के संभावित नामों में एनसीपी (अजित गुट) के पांच पुराने मंत्रियों समेत नरहरि जिरवाल और दत्ता भरणे का नाम भी चर्चा में हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पिछली सरकार में मंत्री रहे छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, धर्मरावबाबा, अदिति तटकरे, अनिल पाटिल का नाम कायम रखा है। दिलीप वलसे पाटिल पहले ही इन्कार कर चुके हैं जबकि हसन मुश्रिफ का पत्ता कट सकता है। शिवसेना शिंदे गुट के भरत गोगवले, संजय शिरसाट, अर्जुन खोतकर, प्रताप सरनाईक और विजय शिवतारे को मौका मिल सकता है। शिंदे ने उदय सामंत, शंभुराजे देसाई, दादा भुसे, गुलाबराव पाटिल के नाम बरकरार रखे हैं।



भाजपा से पंकजा मुंडे, सुधीर मुनगंटीवार और चंद्रकांत पाटिल का नाम मंत्रिमंडल में हो सकता है। चंद्रशेखर बावनकुले का नाम भी मंत्रियों की संभावित लिस्ट में शामिल है। इसके अलावा मेघना बोर्डिकर, संभाजी पाटिल निलंगेकर, रवींद्र चव्हाण, राधाकृष्ण पाटिल, गिरीश महाजन, अतुल सावे, परिणय फुके और संजय कुटे के नाम भी शामिल हैं। भाजपा ने कुछ नए चेहरों को मौका देने का फैसला किया है। शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के पास ही गृह मंत्रालय था। फडणवीस यह मंत्रालय नहीं छोड़ना चाहते। उधर शिंदे गुट का तर्क है कि अगर डिप्टी सीएम का पद हमें मिल रहा है तो गृह मंत्रालय भी उन्हें ही मिलना चाहिए। भाजपा गृह, राजस्व, उच्च शिक्षा, कानून, ऊर्जा, ग्रामीण विकास अपने पास रखना चाहती है। उन्होंने शिवसेना को हेल्थ, शहरी विकास, सार्वजनिक कार्य, उद्योग ऑफर किया है। एनसीपी अजित गुट को वित्त, योजना, सहयोग, कृषि जैसे विभाग देने की पेशकश हुई है।

## वर्ष 2024 में जम्मू कश्मीर ने देखी 122 मौतें

### 26 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए तो 64 आतंकी भी ढेर हुए

**जम्मू, 14 दिसंबर (ब्यूरो)।**

अनुच्छेद 370 हटाए जाने के साढ़े पांच साल बाद भी कश्मीर आतंकी हिंसा से मुक्त नहीं हुआ, हिंसा कम जरूर हुई। इस साल अभी तक 122 लोगों की मौत हुई, जिनमें 64 आतंकी, 26 सुरक्षाकर्मी और 31 नागरिक शामिल हैं। पिछले साल 110 लोग मारे गए थे, लेकिन उनमें 85 आतंकवादी शामिल थे। वर्ष 2023 में जम्मू कश्मीर में शहीद होने वाले सैनिकों की संख्या 35 थी। इस बार यह संख्या 26 रही। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 2019 से लेकर 14 दिसम्बर 2024 तक कश्मीर ने 1387 मौतें देखी हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या आतंकियों की ही है। सरकारी आंकड़े कहते हैं कि इस अवधि में 932 आतंकी ढेर किए गए। जबकि इस कामयाबी को हासिल करने में इस दौरान 268 सुरक्षाकर्मियों को शहादत भी देनी पड़ी। इन पांच वर्षों में 236 नागरिक आतंकियों के हाथों मारे गए। आतंकियों के सबसे अधिक हमले प्रवासी नागरिकों और अधिकतर हिंदुओं पर हुए। यह लगातार जारी है।

## 11 महीने में यूपीआई से हुआ 223 लाख करोड़ का लेनदेन

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।**

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल कर साल जनवरी से नवंबर तक 223 लाख करोड़ रुपए के 15,547 करोड़ लेनदेन किए गए। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यूपीआई लेनदेन के आंकड़े भारत में वित्तीय लेनदेन पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाते हैं।


वित्त मंत्रालय ने बताया कि यूपीआई लेनदेन को दुनियाभर के देशों में महत्व मिल रहा है। भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति अंतरराष्ट्रीय गति प्राप्त कर रही है। यूपीआई और रूपे दोनों तेजी से देश के बाहर विस्तार कर रहे हैं। वर्तमान में, यूपीआई सेवा सात देशों में उपलब्ध है, इनमें यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस जैसे प्रमुख देशों के बाजार शामिल हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 2016 में लॉन्च यूपीआई ने कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में एकीकृत करके देश के भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति ला दी है।

### कार्टून कॉर्नर



### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $28^0$
न्यूनतम : $14^0$




शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 14674958K, Rank: CFN, Name: CHAMUNDI C, S/o CHINNADURAI, Residing at Vill SONNAMPATTI, PO: HANUMANTHAPURAM, Teh: KARIMANGALAM, Dist: DHARMAPURI, State: TAMIL NADU, Pin:636808,I have Changed my Daughter's Name from **SAYASARASWATI C** to **SAYASARASWATHI C**, my daughter's date of birth is 12-05-2009, Affidavit Singed By advocate and Notary B. Yadagiri, MMCP, BA, LLB

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 14674958K, Rank: CFN, Name: CHAMUNDI C, S/o. CHINNADURAI, Residing at Vill: SONNAMPATTI, PO. HANUMANTHAPURAM, Teh: KARIMANGALAM, Dist: DHARMAPURI, State TAMIL NADU, Pin: 636808,I have Changed my Daughter's Name from **SREENATHIC** to **SHREENATHI C**, my daughter's date of birth is 02-02-2011, Affidavit Singed By advocate and Notary B. Yadagiri, MMCP, BA, LLB

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 15812952A L/Nk Nandan Kumar of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana, India hereby state that my daughter name is changed from **JAHNAVI** to **JAHANAVI**.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No.JC 735588X Sub Umesh Chandra of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana, India hereby state that my father name is changed from **MURLIDHAR SHARMA** to **MURLIDHAR** and mother name is changed from **PRAKESH DEVI** to **PRAKASH DEVI**.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No.JC 735581N Nb/Sub Shaha Ashapaksha Hasansha of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana, India, hereby state that my son name is changed from **SHAH ARSH ASHPAAK** to **SHAH ARSH ASHAPAK** and another son name is changed from **SHAH AAYAN ASHPAAK** to **SHAH AAYAN ASHAPAK**.

**CHANGE OF NAME**
I, Service 734796A Sub N PALANI of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana, India hereby state that my son name is changed from **P MAILSAMY** to **MAILSAMY P.**

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 2620461P Sep GIRIYAPPA RANGAPPA BISALADINNI, R/o. Vill and Po:Mannikeri, Teh and Ps:Bilagi, Dist:Bagalkot, Karnataka - 587116 hereby declare that my son name is to be changed from **ADVIK BISALADINNI** to **ADVIK GIRIYAPPA BISALADINNI** vide affidavit dt:14-12-2024 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.



रन फॉर गौ माता



5 के रन फॉर गौ माता मैराथन
स्थान :- संजीव पार्क, नकलेश रोड़, हैदराबाद तेलंगाना
दिनांक 15 दिसम्बर रविवार प्रात 6 बजे
:: मुख्य अतिथि ::
श्री ईटला राजेन्द्र (सांसद मल्काजगिरी), श्री मुरलीधर राव (सीनियर बीजेपी नेता), श्री एन रामचंद्र राव (बीजेपी नेता), श्री राम भाटी, श्री मोहन चौधरी, मंगलराम पँवार, श्री अलांकी एकमबरम गुप्ता
गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने हेतु 5 के रन फॉर गौमाता का आयोजन हैं। जिसमे आपकी उपस्थिति सादर अनियार्य हैं।
Live On : BRS Rajasthani :: अतिथि ::
धनजी भाई पटेल, उप्पल राजु, सोहनलाल, बाबु गोपालदास अग्रवाल, मंगलाराम पंवार, हुक्माराम सानपुरा, मुकेश कुमार, शांतिलाल सुथार, राजेश परिहार, विकास शर्मा, सोनाराम तिलायचा, विट्ठल, कालूराम काग, हीरालाल सैणचा, रामगोपाल चौधरी, सी डी चावन, सौरभ सिंह, हंसाराम सीरवी, प्रभुराम परिहारिया, मोहनलाल हाम्बड़, अदिविक पोद्दातूरी, बंशीलाल प्रजापति, डॉ. शैलेंद्र मित्तल, परमेश्वर वैष्णव, भोलाराम पंवार, केसाराम काग, आशाराम गहलोत, तुलसाराम सिन्दडा, मांगीलाल परिहारिया, राजूराम बर्फा, तेजाराम परिहार, राकेश सीरवी, ओमाराम चौधरी व अकरम रमेश
गौ भक्त :- ठाकुर जयपाल सिंह नयाल सनातनी
श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट ( चेयरमैन) सर्वदलीय गौरक्षा मंच (राष्ट्रीय अध्यक्ष)
देवभूमि उत्तराखंड सेवा संस्थान (तेलांगना,अध्यक्ष) रन फॉर गौ माता मो. न. 9849702915, 7093800118
:: संयोजक मंडल ( कोर कमेटी ) ::
दीप्ति रावत, प्रेमा नयाल, कविता नेगी, पुष्पा भट्टी, दीपा शर्मा, कमल पंत,उषा अग्रवाल, बलवीर सिंह रावत,योगेश अग्रवाल, मनोज प्रभाकर पैनोली, ठाकुर जितेंद्र सिंह राणा, सुभाषचंद्र पेटवाल, पवन कुमार, राजेंद्र सिंह रावत
रामदेव गौसेवा समिति :: निःस्वार्थ सेवा परमो धर्म
AAIMAA ADS


## आरबीआई का किसानों को तोहफा

## जमानत मुक्त ऋण की सीमा 2 लाख हुई

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर (एजेंसियां)।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने किसानों के लिए जमानत-मुक्त ऋण सीमा को 1.6 लाख रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दिया है। यह फैसला एक जनवरी, 2025 से प्रभावी होगा। इस कदम का उद्देश्य बढ़ती इनपुट लागत के बीच छोटे और सीमांत किसानों को मदद पहुंचाना है। नए निर्देश में देश भर के बैंकों को प्रति उधारकर्ता दो लाख रुपए तक का कृषि और उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए ऋण देने की मार्जिन की आवश्यकता को माफ करने का निर्देश दिया गया है। कृषि मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय बढ़ती लागत और किसानों के लिए ऋण सुलभता में सुधार की आवश्यकता को देखते हुए लिया गया है। बयान में कहा गया है कि इस उपाय से 86 प्रतिशत से अधिक छोटे और सीमांत भूमिधारक किसानों को काफी लाभ होगा। बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे दिशानिर्देशों को शीघ्रता से लागू करें तथा नए ऋण प्रावधानों के बारे में व्यापक जागरूकता सुनिश्चित करें।

